**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मंगलूरु**

के तत्वावधान में

**नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण, पणंबूर**

में

**"चित्रकथा लेखन प्रतियोगिता"**

का आयोजन

नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मंगलूरु के तत्वावधान में दि. 04.06.2025 को **"चित्रकथा लेखन प्रतियोगिता"** का आयोजन किया गया। पत्तन प्राधिकरण के उप सचिव, श्रीमती विशालाक्षी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने पत्तन के बारे में संक्षिप्त और उसकी उपलब्धियों के बारे में तथा हिंदी ज्ञान बढ़ाने पर बल दिया।

श्रीमान कृष्ण कुमार यादव, सदस्य-सचिव, नराकास, मंगलूरु को मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। उन्होंने विभिन्न सदस्य कार्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की और हिंदी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पी बालमुरुगन, मुख्य प्रबंधक (रा.भा.), बैंक ऑफ बडौदा, ने राजभाषा पर अपने अनुभवों को साझा किए। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित किया गया।

सुश्री लता एस. बी., वरिष्ठ अनुवादक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उक्त प्रतियोगिता को पत्तन के प्रशासन भवन के सभागार में आयोजित किया गया। एनएमपीए के अधिकारियों सहित नराकास के सदस्य कार्यालयों से 18 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अवसर पर, हिंदी अनुभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंत में कई प्रतिभागियों ने अपना अनुभव व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अंतिम चरण में श्रीमती विशालाक्षी, उप सचिव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी प्रतिभागियों एवं एनएमपीए के अधिकारी/ कर्मचारियों ने समारोह को सफल बनाया।

10/06/2025

**(विशालाक्षी/Vishalakshi)**

**उप सचिव Dy. Secretary**